कृप्या नीचे लिखे निर्देशों को पढ़ें:

१. पंजीकरण की तारीख व प्रोग्राम के प्रारम्भ की तारीख के बीच में कुछ दिनों का अन्तर हो सकता है। पंजीकरण का पहला चक्र १० से २८ फरवरी है जिसके बीच आप किसी भी दिन पंजीकरण कर सकते हैं, परन्तु आपका प्रोग्राम १ मार्च से प्रारम्भ होगा। पंजीकरण का दूसरा चक्र १ मार्च से प्रारम्भ होगा व १४ मार्च तक चलेगा। यदि आप इस दौरान पंजीकरण करते हैं तो आपका प्रोग्राम १५ मार्च से प्रारम्भ होगा।

२. यदि आप किसी कारणवश पहले चक्र में पंजीकरण नहीं करवा पाए हैं तो दूसरे व तीसरे चक्र में कर सकते हैं।

३. इस प्रोग्राम के सात मुख्य कोर्स हैं। आठवॉ कोर्स आपको पूरे प्रोग्राम के मुख्य अधिगम बिन्दुओं को दोहराने में व आपकी विद्यालय विकास योजना बनाने में सहायक होगा।

४. पूरे प्रोग्राम की अवधि ३० सम्पर्क घंटे है जो कि १० हफ्तों में बटे हुए हैं।

५. आपको प्रत्येक हफ्ते मात्र तीन घंटे देने है व वेबसाइट पर दी हुयी अधिगम साम्रगी को पढ़ना है। हफ्ते में किसी भी वक्त जब आपके पास समय हो, तीन घंटे निकाल सकते हैं, या तो एक साथ या फिर टुकड़ों में। इस अनुशासन के साथ आप ढ़ाई महीनें में प्रोग्राम को आसानी से पूर्ण कर सकते हैं।

६. कोर्स की सप्ताहवार तालिका नीचे दी गयी है। आठ में से मात्र दो कोर्स हैं जिनमें आपको ६ घंटे या २ सप्ताह देने हैं (कोर्स सं. १ व ३), बाकी सभी कोर्स तीन घंटे या १ सप्ताह के हैं।

कोर्स सं:	**कोर्स का नाम**	**सम्पर्क घंटे**	**सप्ताह**
१	विद्यालय नेतृत्व का दृष्टिकोण	३ घंटे ३ घंटे	पहला दूसरा
२	स्वयं का विकास	३ घंटे	तीसरा
३	शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का रूपान्तरण	३ घंटे ३ घंटे	चौथा पॉचवा
४	दल बनाना व दल का नेतृत्व करना	३ घंटे	छठा
५	नवाचारों का नेतृत्व	३ घंटे	सातवॉ
६	साझेदारियों का नेतृत्व	३ घंटे	आठवॉ
७	विद्यालय प्रशासन का नेतृत्व	३ घंटे	नवॉ
८	समेकन व विद्यालय विकास योजना	३ घंटे	दसवॉ
		३० घंटे	दस सप्ताह या ढ़ाई महीना

७. प्रत्येक कोर्स की सामग्री पढ़ने के बाद आपको MCQ (Multiple Choice Questions) पूरा करना है तभी कोर्स पूर्ण माना जाएगा।

८. समस्त प्रोग्राम पूर्ण तभी माना जाएगा जब आपने सभी आठों कोर्स के MCQ पूरे कर लिए हैं।

९. प्रोग्राम पूर्ण होने पर आपको एन.सी.एस.एल, नीपा के द्वारा आपके पंजीकृत ईमेल आई डी पर सर्टिफिकेट या प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।